# पत्नी की हत्या के प्रयास में पति को 10 साल के साधारण कारावास की सजा

■ पांच हजार के अर्थदण्ड की भी सजा सुनाई

**सादुलपुर, (निसं)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या-1 ने हमीरवास थानान्तर्गत गाँव सादपुरा में पत्नी के साथ मारपीट कर हत्या के प्रयास के मामले में उसके पति को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के साधारण कारावास एवं पाँच हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक प्रथम राजगढ (चूरू) राकेश सांगवान ने बताया कि सीएचसी राजगढ में उपचाराधीन मनीषा पत्नी विकास जाति जाट निवासी सादपुरा ने पर्चा बयान देकर बताया था कि उसकी शादी 30 मार्च 2010 को विकास के साथ हुई थी तथा शादी के समय उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दान व दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद में वह ससुराल गई तो उसके ससुर चन्द्रभान, पति विकास, सास संतोष व ननद सुनिता ने उसे कहा कि तेरे पिता ने दहेज में कुछ नहीं दिया तथा दहेज के लिए रोज तंग व परेशान करने लगे।

तथा 30 अप्रेल 2010 को वह खाना खाकर छत पर सोने के लिए चली गई, तब उसका पति बाहर से शराब पीकर आया और उसके साथ चार लडके ओर थे, एक का नाम कपिल औरों का नाम वह नहीं जानती, चारो नीचे रूके व उसका पति छत पर आया और कहा कि तुम कहो की मैं कुए में गिरूंगी, और लेकिन उसने कहने से मना किया तब डरती हुई ने कहा कि मैं कुंए में गिर कर मरूंगी, तब यह बात उसके पति ने फोन में रिकॉर्ड करली, फिर छत पर उसका ससुर, सास, ननद छत पर आये और चारों ने उसे छत पर से पकड़ कर चौबारे में ले जाकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सीर व मुंह पर, आँखों पर चोटे आई।

फिर उसकी सास व ससुर ने उसके पति को कहा कि तार से फांसी लगाकर मार दो तो उसके पति ने तार से गला में फांसी लगाकर लटकाने की कोशिश करने लगा तो उसके रोला मचाने पर गाँव के काफी लोग उसके घर के चारो ओर आ गये, तब चारों छत से नीचे भाग गये। तत्पश्चात रात में उसे सांखू ईलाज के लिए ले गये, बाद में वापिस घर ले आये, जिस पर उसने अपने पिता को सुबह फोन कर बुलाया तो उसके पिता उसे साथ में ले आये। जिस पर पुलिस ने जुर्म धारा 323, 341, 489ए, 406 व 307/34 भादस में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया तथा अनुसंधान के बाद अन्तर्गत धारा 498ए, 307 व 341 भादस में आरोपिगणों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

दौराने विचारण न्यायालय में अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार सांगवान ने 17 गवाह परिक्षित करवाये व 30 दस्तावेज को प्रदर्शित करवाये। जिस पर दोनों पक्षो क बहस सुनने के बाद पीठासीन अधिकारी दीपक पाराशर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या-1 राजगढ ने पत्रावली का गहनता से अवलोकन व पत्रावली पर आये लिखित व दस्तावेजी साक्ष्य के आधार आरोप सिद्ध होने पर मुलजिम विकास पुत्र चन्द्रभान जाति जाट निवासी सादपुरा को आरोप धारा 307 भादस में 10 साल के साधारण कारावास व 5000 रूपये के अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड अतिरिक्त 2 साल के कारावास से दण्डित किया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी राकेश कुमार सांगवान अपर लोक अभियोजक ने की।




पत्नी की हत्या के प्रयास के दोषी को दस साल की सजा सुनाई।

# नवीन भीम लाइब्रेरी का उद्घाटन

**पाटन (निसं)।** दो अप्रैल को जयपुर के मानसरोवर ठाउंड में आयोजित होने वाली अनुसूचित जाति एवं जनजाति महापंचायत को सहयोग प्रदान करने हेतु डॉ भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्थान द्वारा अम्बेडकर छात्रावास में एक आवश्यक मीटिंग का आयोजन संस्थान अध्यक्ष राजेंद्र बबेरवाल की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में शहीद पवन जाटव के पिता जल्लाराम जाटव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहीद पवन की माताजी सावित्री देवी, ताऊजी रामदयाल रतिया व भाई डॉ अजीत कुमार ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम में बाबा गरीबनाथ योगाश्रम के महंत योगी देवानाथ महाराज, पंकज मेहरानिया (महासचिव) डॉ भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्थान,कांठोस पाटन मण्डल अध्यक्ष मालाराम वर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद मेहरानिया, बसपा नेता राजेश भाईडा, मेघवंश जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया, अम्बेडकर संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट भानाराम वर्मा, शंकरलाल बलाई, आदिवासी मीणा सेवा संघ जिला अध्यक्ष पूरण मल मीणा, अजाक संस्थान के जिला अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, उपाध्यक्ष सरोज इंदुलिया, अम्बेडकर शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश कुमार, बाबा रामदेव सेवा समिति अध्यक्ष नरेश कुमार वर्मा, पार्षद कृष्ण वर्मा, सरपंच हवा सिंह बल्लुपुरा, अमरचंद इन्दोरिया, मुरलीधर मीणा, डॉ जगत सिंह मीणा, प्रधानाचार्य सुभाष चंद वर्मा, सुरेश चंद गोठवाल, शिवपाल भाटी, सरोज इंदुलिया, हंसराज किलानिया, किशन गांवली, हरफूल मरोड़िया, नानूराम महावा, कैलाश पाटन, विरेन्द्र कुमार सोंठवाल, सरजीत बोपिया, गोपाल लाल वर्मा, छीतरमल वर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान वक्ताओं ने 2 अप्रैल को जयपुर में आयोजित हो रही अनुसूचित जाति एवं जन जाति महापंचायत में सहयोग एवं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने हेतु अपील की

शहीद पवन के परिवार के करकमलों से छात्रावास में भीम लाइब्रेरी व भामाशाह गोपाल कालावत द्वारा भेंट वाटर कूलर का भी उद्घाटन किया गया। साथ ही महापंचायत के बैनर का विमोचन कर अम्बेडकर संस्थान व मेघवंश संस्थान द्वारा दो बसों की व्यवस्था करने हेतु निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान शहीद पवन के परिवार एवं जेल गये भीम सैनिकों का माला व साफा से सम्मान किया गया एवं पुष्प वर्षा कर शहीद पवन के परिवार का छात्रावास आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

## पौधे लगाये

**सादुलपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय रामपुरा में पेड़-पौधे लगाकर राजस्थान दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान सुधनराम जांगिड ने बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में अभियान 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विषय के बारे में बताया। साथ ही विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सात के छात्र मोहित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को एकता व भाईचारे की भावना से रहने का संदेश दिया।

## सार-समाचार

### पूर्व सैनिक संघ की बैठक आयोजित

**सादुलपुर, (निसं)** पूर्व सैनिक संघ राजगढ़ की बैठक शुक्रवार को पूर्व सैनिक फ्लाइंग ऑफीसर यासीन बैग मुगल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वहीं बैठक में मौजूद सभी पूर्व सैनिकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि पूर्व सैनिकों द्वारा दिल्ली जंतर मंतर पर पेंशन भत्तो के लिए केन्द्र सरकार से मिलकर सैनिक अधिकारियों के द्वारा किया गया है। पूर्व सैनिक संघ राजगढ़ (चूरु) के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि भारी गड़बड़ी को केन्द्र सरकार से ठीक करवाने की माँग को लेकर चल रहे आन्दोलन को गती देने के लिए 04 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा संख्या में 10.30 बजे की रेलगाड़ी से चूरू जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया गया है और साथ ही संघ की कार्यकारिणी का गठन अगली संघ की बैठक में करने का निर्णय किया गया। बैठक में संघ का सचिव कांशीराम, संघ कोषाध्यक्ष राकेश पूनिया, पूर्व अध्यक्ष सुबेदार उम्मेद सिंह, सूबेदार महासिंह, कैप्टेन विद्याधर सिंह, कैप्टेन धर्मपाल रणवा, कैप्टेन मुन्शीराम, सुबेदार कर्ण सिंह, सूबेदार राजपाल, हवलदार इंद्राज सिंह, हवलदार भरतसिंह, हवलदार वेदप्रकाश, सुबेदार अमरसिंह, सुबेदार मोहर सिंह, हवलदार लालचंद व हवलदार शीशराम आदि सहित तहसील भर के सैकडों पूर्व सैनिक मौजूद थे।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने कार्रवाई की

**रतनगढ, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने विशेष अभियान चलाकर शुक्रवार को रतनगढ में 8 नमूने लिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत 8 नमूने लिये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया , विनोद थारवान व निर्मल महर्षि ने बताया कि रतनगढ़ में बालाजी किराणा स्टोर से घी, घासीराम परमेश्वर लाल से बेसन, मालजी स्वीट्स रेस्टोरेंट से मैदा का पेठा, गणेश बेकरी से कुकीज व शर्बत, श्री बालाजी मिष्ठान भंडार से मावा पेड़ा, रांकावत मिष्ठान भंडार से रसगुल्ला, चौधरी जनरल स्टोर से मूंग दाल का नमूना लिया है। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जयपुर जांच के लिए भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अठिाम कार्रवाई की जाएगी।

### 'गाय माता हमारी समृद्धि की नींव है'

**झुंझुनूं, (निसं)।** कोलकाता प्रवासी उद्यमी एवं भामाशाह पं. शंकरलाल सुरोलिया ने कहा कि 33 करोड़ देवी-देवता की सेवा से बढ़कर गौ सेवा है। इससे बेहतर कोई कार्य नहीं है। वे शुक्रवार को मंडावा में मुकुंदगढ़ रोड स्थित कामधेनू गौशाला में अपनी धर्मपत्नी मंजूदेवी सुरोलिया की पुण्य स्मृति में आयोजित ब्रह्मपुरी सहित धार्मिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गाय माता हमारी समृद्धि की नींव है। गौवंश से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इनकी सेवा सर्वोत्तम सेवा है। ज्ञात रहे स्वर्गीया मंजूदेवी सुरोलिया की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पति शंकर सुरोलिया व उनकी बडी बहू गुंजनबाला, पुत्र अंशु उनकी पुत्रवधु एकता सुरोलिया ने गौवंश को ब्रह्मपुरी दलिया, हरी सब्जी आदि खिलाकर मनाई। साथ ही इस अवसर पर एक ऊंट गाड़ा, लकड़ी, दलिया बनाने के लिए भी भेंट की गई।

### जनसंपर्क अधिकारी का सम्मान किया

**पिलानी, (निसं)।** श्री श्याम मंदिर पिलानी के 64वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रहे धार्मिक आयोजनों में श्याम बाबा का मंगल पाठ झुंझुनूं के दिनेश शर्मा द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क अधिकारी झुंझुनूं हिमांशु सिंह व संदीप वालिया ने बाबा के हाज़िरी लगाई। इस अवसर पर श्याम मंदिर के पुजारी राधेश्याम शर्मा व अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला ने दुपट्टा व बाबा के प्रतीक चिह्न की माला पहनाकर सम्मानित किया। श्री श्याम मंदिर समिति के पदाधिकारियों में अरुण भौमिया बिल्लू, रमाकांत शर्मा, ओमप्रकाश दिनोदिया, लीलाधर विश्नोलिया इस अवसर पर उपस्थित थे।

### प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल गणपति नगर झुंझुनूं में नए सत्र में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नए प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्कूल टॉपर सुप्रिया ने तिलकार्चन कर स्वागत किया तथा सीनियर बच्चों ने जूनियर बच्चों का वेलकम किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि सतत् मेहनत करने वालों को अपनी मंजिल अवश्य मिलती है एवं अन्य सभी विद्यार्थियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया कि वे भी इन छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेकर आगामी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर शिखा सहाय, प्रिंसीपल शुभकरण खीचड़ व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### सालासर धाम के लिए यात्रा रवाना

**सूरजगढ़, (निसं)।** हनुमत धाम कानोडिया मंदिर सूरजगढ़ से शूक्ल पक्ष दशमी को महंत मूलचंद मिश्रा व शंकरलाल मिश्रा के सानिध्य में नगर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में 65वां निशान सालासर धाम के लिए रवाना हुआ। पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि निशान सूरजगढ से पहले दिन बगड़, दूसरे दिन घोड़ीवारा, तीसरे दिन बलारां, चौथे दिन मुकुंदगढ़, पांचवें दिन लक्ष्मणगढ से सालासर धाम पहुंचेगा। वहीं यात्रियों के लिए यात्रा में खाने पीने सहित मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने ने बताया कि निशान यात्रा हनुमत लीन विष्णु महाराज के द्वारा 1958 में शुरू की गई थी।

## सार-समाचार

### जिला कारागृह का निरीक्षण किया

**चूरू, (कासं)।** राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविन्द्र कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद बंसल द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुये उनके प्रकरणों में नियुक्त अधिवक्तागण एवं प्रकरणों में हो रही पैरवी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधा, सी.सी.टी.वी. कैमरे, लाईब्रेरी, बैरक एवं बंदियों के संबंध में अन्य जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश दिए। सचिव प्रमोद बंसल ने बंदियों को दी जाने वाली समुचित सुविधाओं की जानकारी ली तथा बंदियों को दिये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, साफ-सफाई आदि की जानकारी ली। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी विस्तार से बताया। इसी प्रकार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद बंसल ने विधिक चेतना समिति की बैठक ली। बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय, सदस्यगण सांवरमल स्वामी व श्रीमती संतोष परिहार तथा सब इंस्पेक्टर बाल तस्करी शमशाद उपस्थित रहे। यहां बैठक के दौरान जमकर ठहाके लगाए गए।

### 'अन्नदताओं से राज व राम दोनों रूठ गए'

**चूरू, (कासं)।** प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि बेमौसम की बरसात, आंधी व तूफान से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। किसान नेता न्यौल ने कहा कि अन्नदताओं से राज व राम दोनों रूठ गए हैं। यह बरसात अगर पहले होती तो फसलें दो गुनी होती, परन्तु अब फसल कटाई चल रही है जो जमीन पर पड़ी बरसात से भीग रही है। आंधी तूफान से उड़ रही है। गली हुई फसल जब किसान बाजार में बेचने जाएगा तो औने-पौने दामों में बिकेगी। यहां रक्षक ही भक्षक बन बैठा है। किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है। अब किसान अपना रोजना किसके आगे रोएं। न्यौल ने कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार किसान हितों की अनदेखी न करे। उचित कार्यवाही कर किसानों की नष्ट हुई फसल का मुवावजा दे। न्यौल के साथ नोरंगलाल जाट, रामेश्वर नायक, लिछमण मेघवाल, किशनाराम बाबल, विनोद सैनी, श्रवण बसेर, दुलाराम मेघवाल आदि ने खेतों में जाकर भीगी हुई फसलों का जायजा लिया। किसान मायूस होकर अपने भाग्य को कोसता नजर आया।

### 5वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र सौंपे

**चूरू, (कासं)।** कक्षा 5 की बोर्ड परीक्षा 13 अप्रैल से प्रारम्भ होने जा रही है। जिनके प्रश्न पत्र ब्रुकलेट ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को पुलिस जाप्ते के साथ सुपुर्द किये गये। डाइट प्राचार्य गोविन्दसिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में कुल 762 परीक्षा केन्द्रों के लिए कुल 769 पैकेट सेन्टरवार संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सुपुर्द किये गये। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने वाहन एवं दो शिक्षकों के साथ उपस्थित हुए। जिन परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 10, 12 एवं कक्षा 8 के परीक्षा केन्द्र हैं, उनके केन्द्राधीक्षक एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक ही 5 वीं बोर्ड परीक्षा में भी यथावत कार्य करेंगे। 5 वीं बोर्ड परीक्षा के सत्र 2022 की निजी विद्यालयों की कक्षा 5 की अंकतालिका निजी विद्यालय 12 अप्रैल से पूर्व डाइट चूरू से प्राप्त कर लेवें। उसके पश्चात् अंकतालिका वापस बीकानेर भिजवा दी जायेगी। इस अवसर पर प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़, बोर्ड परीक्षा प्रभारी डॉ. सत्यनारायण स्वामी, सुमेरसिंह सिरोवा, प्रवीण महिया, राकेश मोटसरा आदि उपस्थित थे।

### कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला 5 को

**चूरू, (कासं)।** बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जन तक प्रचार -प्रसार के उद्देश्य से 5 अप्रैल को जिला परिषद् सभागार में सवेरे 10.30 बजे कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि कार्यशाला में कृषि बजट का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण, जिले को कृषि क्षेत्र में प्राप्त कार्य एवं लक्ष्य, विभागीय योजनाओं की जानकारी, अन्तर्विभागीय समन्वयन रोड़ मेप व खरीफ 2023 आदान उपलब्धता सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला के संबंध में संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

### आबादी भूमि का ड्रोन से सर्वे किया

**चूरू, (कासं)।** भू स्वामित्व योजनांतर्गत सर्वे ऑफ फ्लाइंग का कार्य शुक्रवार को गांव घांघू में किया गया। भारतीय सर्वेक्षण विभाग के जेके शर्मा के नेतृत्व में टीम ने गांव की आबादी भूमि को चिन्हित कर उसका ड्रोन कैमरे से सर्वे किया। टीम में सहायक विकास अधिकारी सोहनलाल धायल, पटवारी पूजा मीणा, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश गौड़, लिपिक सत्यप्रकाश मीणा शामिल थे। यहां समाजसेवी महावीर सिंह नेहरा, परमेश्वर लाल दर्जी, बजरंग कपूरिया, राजवीर सिंह राठौड़ ने सहयोग किया। इस मौके पर बीरबल नोखवाल, सुखाराम सिहाग, बन्ने खान, अजय जांगिड़, संजय कुमार आदि मौजूद थे। सहायक विकास अधिकारी धायल ने बताया कि शुक्रवार को ही राणासर व बालरासर गांवों में भी टीम ने सर्वे कार्य किया।

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक 4 को

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा चूरू की अप्रैल माह की नियमित बैठक जिला पेंशनर कल्याण केन्द्र में आगामी मंगलवार 4 अप्रैल को प्रातः साढ़े दस बजे होगी। पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़ ने बताया कि सोमवार को महावीर जयंती का अवकाश होने के कारण मासिक बैठक मंगलवार को रखी गई है। यहां जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि बैठक में नियमित गतिविधियों के साथ ही अप्रैल माह में जन्मदिवस वाले पेंशनरों का सम्मान किया जायेगा।

## गोष्ठी का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** साहित्य समिति राजगढ़ के तत्वावधान में राजस्थान दिवस के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन दत्तात्रेय धाम में गुरुवार सायं डॉ. रामकुमार घोटड़ की अध्यक्षता में हुआ। समिति के मंत्री अनिल शास्त्री ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राजस्थान के गौरव को रेखांकित करते हुए स्वरचित कविता की प्रस्तुति दी। शिक्षाविद पुरुषोत्तम देव पांडिया, संतोष कुमार जांगिड़, वैद्य सत्यनारायण शांडिल्य आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# पांच वर्ष से फरार शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले की मंडावा पुलिस ने 5 वर्ष से फरार शराब तस्करी के आरोपी को थानाधिकारी महावीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गिरफ्तार कर बडी सफलता प्राप्त की है।

मंडावा थानाधिकारी महावीर सिंह के अनुसार एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार गठित टीम में शामिल एएसआई सज्जन सिंह, कॉन्स्टेबल मुल्तानाराम, अमरसिंह, सुरेंद्र कुमार द्वारा वारंटी सोनू उर्फ संदीप कुमार निवासी इमलोटा जिला चरखी दादरी (हरियाणा) की लगातार तलाश व पीछा किया जा रहा था।

जिसके कारण वारंटी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था तथा उक्त वारंटी हरियाणा में भी वांछित चल रहा था। जिस कारण हरियाणा पुलिस द्वारा दस्तयाब कर जेसी करवाया गया था। जिसको मंडावा पुलिस ने जिला कारागृह भिवानी से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त वारंटी ने राजू जाखल आदि के साथ मिलकर शराब तस्करी की थी। जिसका वाहन कंटेनर 2019 में मंडावा पुलिस द्वारा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसमें उक्त वारंटी 5 साल से लगातार फरार चल रहा था।

## फसल पर लगाई गई आपत्ति हटवाने की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत ख्याली के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज न्यांगली के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन सौंपकर राजगढ तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में खरीफ फसल बीमा 2022 पर लगाई आपत्ति को हटाकर मुआवाजा दिलवाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत ख्याली की 2022 की खरीफ मूंग ग्वार बाजरा जो प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम एसबीआई बीमा कंपनी के प्रतिनिधि और कृषि पर्यवेक्षक के द्वारा ग्रीन वेट वजन किया गया था। जिसमें किसानों के द्वारा इन प्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग किया गयाख्तथा इन दोनों प्रतिनिधियों ने क्रॉप कटिंग और वजन एक साथ ही किया था, जिसमें उपस्थित किसानों के हस्ताक्षर भी करवाये गये थे।

ज्ञापन में बताया कि किसानों के द्वारा इन प्रतिनिधियों के साथ किसी भी प्रकार का कोई मारपीट एवं अभद्र व्यवहार नहीं किया गया।

बीमा कंपनी ने किसानों पर जो आरोप लगाकर आपत्ति लगाई है वो आरोप निराधार हैं तथा किसानों की कोई गलती नहीं है। किसानों का कहना है कि कंपनी की मंशा ठीक नहीं है वो किसानों पर निराधार आरोप लगाकर किसानों को मुआवजा से वंचित करना चाहती है।

पूर्व विधायक न्यांगली ने बताया कि कंपनी के द्वारा तहसील राजगढ और चूरू जिले की 47 पटवार मण्डल की ग्राम पंचायतों में भी आपत्ति लगाकर उनको खरीफ फसल बीमा से वंचित करना चाहती है जो कि किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

साथ ही बताया कि यह कंपनी की तानाशाही है जो किसानों के साथ छलवा है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।

## राइट टू हेल्थ कानून में व्याप्त विसंगतियों के बारे में पोस्टर का विमोचन

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा पारित किए गए राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में शुक्रवार को श्री श्याम अल्ट्रासाउंड सेंटर में सादुलपुर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के तत्वावधान में राइट टू हेल्थ कानून में व्याप्त विसंगतियों के बारे में पोस्टर का विमोचन किया गया।

सादुलपुर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. रामकुमार घोटड, अध्यक्ष डॉ. रामावतार सोनी, डॉ. जय लखटकिया, डॉ. अरविंद झाझडिया, डॉ. विनोद अग्रवाल, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. रमेश शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. सांवरमल रायका, डॉ. उर्मिला अग्रवाल, डॉ. सरिता गुप्ता, डॉ. हरीराम रोहिल्ला, डॉ. सत्यनारायण शांडिल्य, डॉ. हिमांशु बेड़वाल, डॉ. बलवीर धायल, रिद्धि सिद्धि हॉस्पिटल के दिलीप जांगिड़, गायत्री हॉस्पिटल के सत्यवीर, श्री नाथ जी हॉस्पिटल के प्रशासक तथा अनीता अल्ट्रासाउंड एवं श्री श्याम अल्ट्रासाउंड के प्रबंधकों आदि ने पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर में राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए राइट टू हेल्थ बिल में व्याप्त कमजोरियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उक्त बिल के लागू होने से डॉक्टर मरीजों में अनावश्यक झगड़े फसाद बढ़ेंगे। वहीं डॉक्टरों को इस बिल के विरोध में किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं है। साथ ही बिल में इमरजेंसी केसों की किसी प्रकार की परिभाषा तय नहीं की गई है, जिस कारण उक्त बिल को लागू करने से डॉक्टरों एवं मरीजों में बढने वाले विवादों से बचने के लिए उक्त बिल को वापस लेने की मांग की गई है।

# शहीदों की देवताओं के समान पूजा होनी चाहिए : प्रेम सिंह बाजौर

■ बामणिया में शहीद मदनलाल नेहरा की मूर्ति का अनावरण हुआ

**सुजानगढ (निसं)।** देवताओं के देवता शहीद होते है, इसलिए इनकी पूजा होनी जरुरी हैं। उक्त उद्गार सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने शहीद मदनलाल नेहरा की प्रतिमा अनावरण कर संबोधित करते हुए कहे।

बाजौर ने कहा की गांव के बाहर लगी शहीद की प्रतिमा पर शुभ कार्य से पहले इनको याद करना चाहिए। क्यों की शहीद होने वाले सैनिक अमर होते हैं। साथ ही प्रेम सिंह बाजौर ने कहा की शहीद सैनिकों की गांव में प्रतिमाओं के लगने से गांव में युवाओं को देश भक्ति के लिए प्रेरणा मिलती है। इसलिए हर व्यक्ति के मन में शहीदों व सैनिकों के प्रति सम्मान होना चाहिए।

सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा की बच्चों को शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए बच्चों में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। उन्होंने कहा की सैनिक ही होते है जो आमजन को चैन की नींद सुलाने के लिए सर्दी, गर्मी के मौसम में सीमा पर डटे हुए रहते है। उन्होंने शहीद परिवार को नमन करते हुए कहा की देश के लिए सैनिक मदनलाल का बलिदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। रतनगढ विधायक अभिनेष महर्षि ने शहीद की मूर्ति लगाने के लिए प्रेम सिंह बाजौर का आभार जताते हुए कहा की शहीदों के सम्मान में 5०० से ज्यादा प्रतिमाएं लगाकर देशभक्ति व शहीद परिवारों के प्रति सच्ची श्रद्धा व्यक्त की हैं।

इस मौके पर कांग्रेस नेता पूसाराम गोदारा, पूर्व सांसद राम सिंह कस्वां, प्रधान मनभरी मेघवाल ने संबोधित करते हुए सैनिक मदनलाल नेहरा को नमन करते हुए श्रद्धांजलि वयक्त की। महावीर जति महाराज ने उपस्थित जनों से कहा की देश की सेवा के लिए हिंदू परिवारों को चार बच्चे पैदा करने चाहिए। एक बच्चे को देश सेवा, दूसरे को संत, तीसरा पुत्र किसान, चौथा बच्चा सरकारी सेवा में शामिल होना चाहिए। जिससे देश आगे बढ़ सके।

इस मौके पर शहीद की पत्नी वीरांगना सुमन नेहरा, शहीद के पिता धन्नाराम नेहरा का अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर व शाल ओढाकर स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने प्रधान कोटे से गांव में सड़क व सरकारी स्कूल में दो कमरे बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में हिम्मत सिंह मालासी, जिला परिषद सदस्य नोरंग सीलू, सरपंच नवीन खडी, अर्जुन सिंह फ्रांसा, धर्मेंद्र किलका, खिंवाराम मेहरडा, जगदीश सेवदा, हेतराम खिलेरी, रामचंद्र गोदारा मौजूद रहे।




शहीद मदनलाल नेहरा की प्रतिमा का अनावरण किया।

## श्रद्धांजली सभा का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** आशा देवी कॉलेज, खेमाणा रोड, सादुलपुर में शुक्रवार को आचार्य स्व. महावीर प्रसाद शास्त्री की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजली सभा को आयोजन किया गया।

संस्था निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने बताया कि प्रसिद्ध कथा वाचक, विद्वान प्रकांड पंडित तथा ज्योतिषाचार्य एवं प्राचीन श्री मदन मोहन बाघदास मंदिर के पुजारी स्व. महावीर प्रसाद शास्त्री का 22 मार्च को निधन हो गया था।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या : एस.एण्ड.टी-बी.के.एन-ईटी-256, कार्य का नाम व स्थान : अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत बीकानेर मंडल के महेन्द्रगढ, कोसली, चरखी-दादरी, सादलपुर, हिसार, भिवानी और हिसार स्टेशनों पर दिव्यांगजन और अन्य यात्री सुविधाओं की सुविधा के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान एवं दूरसंचार सूचना प्रणाली के विस्तार के साथ सॉफट अपग्रेडेशन और FOB का कार्य।, अनुमानित लागत मूल्य रु. : 65947956.10, बिड सिक्यूरिटी राशि (रुपये में) : 479700.00, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 20.04.2023 को 15.00 बजे तक, वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। : www.ireps.gov.in 323-SN/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें